भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 14

जिसका उत्तर 29.01.2026 को दिया जाना है

एनएचएआई के तहत इंटर्नशिप कार्यक्रम

14. श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने उच्चतर शिक्षा विभाग के सहयोग से राजमार्ग और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भावी पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए एक इंटर्नशिप कार्यक्रम सहित समर्पित इंटर्नशिप पोर्टल भी आरंभ किया है;

(ख) यदि हां, तो इसके उद्देश्यों और लक्ष्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पात्रता मानदंड, इंटर्नशिप की अवधि और प्रतिवर्ष सम्बद्ध किए जाने वाले इंटर्नों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का इंटर्नों को वित्तीय सहायता, वृत्ति तथा मार्गदर्शन सुविधा प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या कार्यक्रम का परियोजना बनाने, निर्माण कार्य, अनुरक्षण, परिसंपत्ति प्रबंधन, सुरक्षा और उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का भी लक्ष्य है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक समर्पित प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) कार्यक्रम शुरू किया है और उच्च शिक्षा विभाग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से इंटर्नशिप पोर्टल का भी शुभारंभ किया है।

(ख) एनएचएआई ने संरचित, क्षेत्र-आधारित और विश्लेषणात्मक शिक्षा के माध्यम से युवाओं में तकनीकी और प्रबंधकीय क्षमता बढ़ाने और चल रहे तथा आगामी राजमार्ग विकास कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विविध विषयों में छात्रों और योग्य अभ्यर्थियों को शामिल करने के लिए एक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। एनएचएआई परियोजनाओं में महत्वाकांक्षी पेशेवरों को अवसंरचना विकास के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की संभावना है।

(ग) पात्रता मानदंड, इंटर्नशिप की अवधि और शामिल किए जाने वाले इंटर्न की संख्या का विवरण निम्नलिखित है:

i. सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रहे छात्रों को राजमार्ग परियोजना की योजना बनाने, डिजाइन, यातायात और परिवहन योजना बनाने, निर्माण पर्यवेक्षण और संचालन और रखरखाव कार्य में शामिल किया जाएगा।

इंजीनियरिंग स्ट्रीम (अर्थात् कंप्यूटर साइंस/आईटी/इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन/डेटा साइंस, वित्त, कानून, आदि) में स्नातक / स्नातकोत्तर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रहे छात्रों को एनालिटिक्स और प्रोग्राम मैनेजमेंट सपोर्ट, टोलिंग ऑपरेशंस, आईटी / एआई, वित्त, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण, कानूनी, मानव संसाधन/ प्रशासन आदि कार्यों में शामिल किया जाएगा।

ii. इंटर्नशिप की अवधि में एक माह की शीतकालीन इंटर्नशिप, दो माह की ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप शामिल है और अपने पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर के छात्रों के लिए इंटर्नशिप की अवधि छह माह होगी।

iii. प्रति वर्ष पांच सौ छात्रों को इंटर्न के रूप में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

(घ) एनएचएआई इंटर्न को प्रति माह 20,000/- रुपये का वजीफा (स्टाइपंड) प्रदान करता है। एनएचएआई ने संबंधित मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक के अधीन एनएचएआई मुख्यालय में परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों और विभिन्न तकनीकी प्रभागों के परियोजना निदेशकों की देखरेख में प्रशिक्षुओं को शामिल करने का प्रस्ताव किया है।

(ड.) एनएचएआई में अवसंरचना विकास और प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण, नवाचार और पेशेवर विकास के लिए एक व्यापक परि तंत्र है। प्रशिक्षुओं को साइट पर सीखने का अवसर दिया जाएगा जिससे उन्हें अवसरंचना विकास के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और क्षेत्र के सर्वोत्तम तरीकों का उपयोग करने सहित व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।

*****